12/08/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

केन्द्र सरकार ने 700 मेगावाट क्षमता वाली तातो-II जलविद्‍युत परियोजना को मंज़ूरी दे दी है। आज नई दिल्ली में कैबिनेट के इस फ़ैसले की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह परियोजना अरुणाचल प्रदेश के शि योमी ज़िले में बनेगी और छह साल में बनकर तैयार हो जाएगी। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि यह परियोजना क्षेत्र में बिजली का एक स्थिर स्रोत प्रदान करेगी और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देगी।

बाइट अश्विनी वैष्णव

इस फ़ैसले का स्वागत करते हुए, उपमुख्यमंत्री चोवना मेन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह परियोजना न केवल अरुणाचल प्रदेश के बिजली क्षेत्र में बदलाव लाएगी, बल्कि बुनियादी ढाँचे के विकास को भी गति देगी, रोज़गार के अवसर पैदा करेगी और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक रूप से बेहतर बनाएगी।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटयर्ड के.टी.परनाइक और मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज ईटानगर के स्टेट बैंक्वेट हॉल में तिरंगा महोत्सव का उद्‍घाटन किया। इस अवसर पर तिरंगा मेले का उद्‍घाटन भी किया गया एक तिरंगा संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ।

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि भारत एक विविधतापूर्ण राष्ट्र है, लेकिन एकता राष्ट्रीय ध्वज के माध्यम से सभी नागरिकों को एक साथ बांधती है, जो अपनेपन की भावना को बढ़ावा देती है। राज्यपाल ने कहा कि भारत की ताकत विविधता में एकता में निहित है। उन्होंने कहा, हर घर तिरंगा अभियान देश भर के हर घर में एकता का संदेश फैलाने का अवसर प्रदान करता है।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य विधानसभा के अध्यक्ष तेसम पोंगटे के साथ आज राजभवन, ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक से मुलाकात की। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के स्वर्ण जयंती समारोह पर चर्चा की, जो राज्य की लोकतांत्रिक यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर सबीत हुआ है। इसके अलावा, उन्होंने राज्य भर के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण एवं प्रमुख कल्याणकारी पहलों पर भी अपने विचार साझा किए।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज नामसाई में भाजपा नामसाई जिला इकाई द्वारा आयोजित 'तिरंगा यात्रा' के शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लिया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह यात्रा हमारी राष्ट्रीय एकता का उत्सव के साथ ही स्वतंत्रता सेनानियों के साहस और बलिदान को श्रद्धांजलि है।

00000000000000000000000

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बियुराम वाहगे ने आज अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट से HIV-AIDS पर राज्यव्यापी गहन IEC अभियान का शुभारंभ करते हुए छात्रों से सामाजिक बदलाव और जागरूकता की आवाज बनने का आग्रह किया है। इस अवसर पर, डॉ. मारबोम बासार ने कहा कि एचआईवी-एड्स एक सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती है, और इससे 70 प्रतिशत प्रभावित युवा पीढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ना और लोगों के बीच जागरूकता पैदा करना है।

00000000000000000000000

नामसाई विधायक, चाउ ज़िंगनु नामचूम ने आज नामसाई स्थित ज़िला पुस्तकालय में राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस समारोह में भाग लेते हुए ज़ोर देकर कहा है कि शिक्षा सबसे बड़ा समतामूलक और प्रगति का सबसे मज़बूत आधार है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि एक अच्छी तरह से संसाधनयुक्त पुस्तकालय सपनों, विचारों और अवसरों का प्रवेश द्वार है, जो प्रत्येक शिक्षार्थी को अन्वेषण, प्रश्न पूछने और एक उज्जवल भविष्य बनाने के लिए सशक्त बनाता है।

00000000000000000000000

तवांग ज़िले में आज राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान 2025 के तहत एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस कार्यक्रम को तवांग के डीडीएसई, हृदार फुंसोक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डीसी कार्यालय से तवांग के युद्ध स्मारक तक एक साइकिल रैली का भी आयोजन किया गया।

0000000000000000000000

देश के सुदूर और दुर्गम क्षेत्रों को राष्ट्रीय मुख्यधारा में लाने के अपने अभियान के तहत, भारतीय सेना की स्पीयर कोर ने अपर सियांग ज़िले के तूतिंग में 'सीमाओं के रक्षक, गाँवों के साथी' कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में नागरिक-सैन्य सहयोग को मज़बूत करके राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना था।

0000000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई ने आज विश्वविद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया कर विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में वृक्षारोपण अभियान भी चलाया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के 2 जिलों पाके केसांग और पापुम पारे के लिए ऑरेंज अलर्ट साथ ही अन्य 16 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलो में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश होने की संभवना है।

0000000000000000000000